कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.06.2024

विषय:- दुष्कर्म के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त राकेश कुमार थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-363/2024 धारा 376,323,504,506 भा0द0वि0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी हडियाडीह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-19.06.2024 को समय करीब 12.50 बजे ग्राम हडियाडीह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-18.06.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि प्रतिवादी राकेश कुमार प्रार्थिनी/पीड़िता की विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए प्रार्थिनी/पीड़िता से पिछले 01 वर्ष से डरा धमका कर यौन सम्बन्ध बना रहा है और इस दौरान विपक्षी राकेश कुमार डरा धमका कर प्रार्थिनी/पीड़िता से लगभग 50,000/- रु0 भी ले चुका है। दिनांक-25/05/2024 को विपक्षी ने प्रार्थिनी से संबंधित विडियो को वायरल कर दिया और विरोध करने पर प्रार्थिनी के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करते हुए प्रार्थिनी के पति के साथ मारपीट भी किया। दिनांक 13-06-2024 को प्रार्थिनी रात करीब 09.00 बजे खेत गयी थी तो विपक्षी राकेश कुमार पीछा करते हुए वहाँ पहुंचा तथा जबरन प्रार्थिनी के हाथ से मोबाइल छीनकर घटना से सम्बन्धित ऑडियो, विडिओ एवं मैसेज सब फॉर्मेट कर दिया और विरोध करने पर जोर जबरदस्ती करते हुए प्रार्थिनी के साथ दुष्कर्म किया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर मे मु0अ0सं0-363/2024 धारा 376/323/504/506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्र0नि0 विद्याशंकर शुक्ल द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी हडियाडीह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम हडियाडही थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से दिनांक-19.06.2024 को समय करीब 12.50 बजे।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्र0नि0 विद्याशंकर शुक्ल थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 सचिन गोस्वमी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।